## कुआं निर्माण पूरा किए बिना राशि की निकासी

# छह माह में बनने वाला कूप 3 साल में भी नहीं हुआ पूरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**बांसजोर।** हर हाथ को काम दो, काम का पूरा दाम दो' मनरेगा का ये नारा रहा है। मनरेगा हर ग्रामीण परिवार को न्यूनतम वेतन के साथ 100 दिन के रोज़गार की गारंटी देता है मगर क्या मनरेगा कानून का सही लाभ ग्रामीण इलाके में मजदूरों व लाभुकों को मिल पा रहा है यह अपने आप मे बड़ा सवाल है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को गांव में ही रोजगार मुहैया कराने लिए सरकार ने कई योजनाएं चला रखी हैं। मनरेगा इन्हीं में से एक है, लेकिन इसमें भी भ्रष्टाचार हावी है। धरातल पर काम नजर आये या नहीं, पैसे की निकासी पहले कर ली जा रही है। ताजा मामला बांसजोर प्रखंड अंतर्गत तरगा पंचायत के कुलामारा गांव का है। वर्ष 2021-2022 में यहां दसरू मांझी, पिता फिरन मांझी के जमीन पर कूप निर्माण होना था, लेकिन आज तक यह योजना पूरा नहीं हुआ। और निर्माण से पहले ही सामग्री मद में 2 लाख 23 हजार 963 रुपये निकासी कर ली गयी है। जिसका योजना संख्या 3404006011/IF/7080902165265, योजना स्वीकृति संख्या 3404008/2021-2022/21424/AS और योजना स्वीकृति तिथि 08/02/2022 है।



### जिन मजदूरों ने काम किया उन्हें आज तक नहीं मिली मजदूरी

मनरेगा साइट के अनुसार कूप निर्माण के दौरान मजदूरी मद में भी लाखों की निकासी हुई लेकिन कुंआ में काम करने वाले मजदुर बुधनी देवी, बासुदेव मांझी, एतवरी देवी, बिरसमनी देवी, लाधु मांझी (मिस्त्री), साधु सिंह (मिस्त्री), बिसो देवी, बलिराम प्रधान, दशरु मांझी, बनेश्वर नायक, दिनु मांझी, सहदेव नायक सहित कई अन्य मजदूरों ने बताया कि गांव के एक युवक द्वारा मेठ बनकर कूप में काम कराया जा रहा था। मजदूरों का आरोप है कि उन्हें आज तक मजदूरी का एक रुपया नहीं मिला। स्थानीय बिचौलियों द्वारा मजदूरों का बैंक पासबुक मांग कर लिया जाता था और पैसा निकला लिया जाता था। मजदूरों के पास उनका जॉब कार्ड तक नहीं है। यही कारण है कि आज के समय में कुलामारा गांव के ग्रामीण मनरेगा में मजदूरी करने से डर रहे हैं।

### सामग्री मद में लाखों की निकासी फिर भी कूप अधूरा

मनरेगा साइट के अनुसार फगुआ साय नामक वेंडर को सामग्री मद में बिल नंबर 319 में 593 रुपए, बिल नंबर 718 में 47278.93 रुपए और बिल नंबर 719 में 176091.8 सहित कुल 2 लाख 23 हजार 963 रुपए का भुगतान किया गया है।

### योजना बोर्ड में योजना का जिक्र नहीं

कार्यस्थल में लगे योजना बोर्ड में आज तक योजना से संबंधित किसी प्रकार का कोई जानकारी अंकित नहीं है। जबकि योजना बोर्ड का पैसा भी निकाला गया है। कार्यस्थल में सिर्फ सीमेंट का बोर्ड लगाकर छोड़ दिया गया है।

### 6 महीने में बनने वाला कूप 3 साल बाद भी अधूरा

मनरेगा नियम के अनुसार एक कूप को लगभग 6 माह में पूरा किया जाना चाहिए। लेकिन यहां ऐसे नहीं हुआ, जिम्मेदार कर्मियों की मिलीभगत के कारण ये कूप आज भी अधूरा पड़ा हुआ है, जिसे देखने वाला कोई नहीं है।

### बीडीओ ने कहा मामले की जांच होगी

मामले पर बांसजोर बीडीओ इमैनुएल जयबिरस लकड़ा से बात करने पर उन्होंने कहा कि मामला मीडिया के माध्यम से संज्ञान में आया है। जांच कर कारवाई की जाएगी।



## गणतंत्र दिवस को लेकर बीडीओ ने की समीक्षा बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को गणतंत्र दिवस समारोह एवं झंडोत्तोलन को लेकर बीडीओ नैमन कुजूर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। सभी विभागों के पदाधिकारी,जनप्रतिनिधियों के साथ झंडोत्तोलन की समय सारणी को लेकर विचार विमर्श किया गया और समय निर्धारित किया गया।इसके तहत गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुबह 7.30 बजे कस्तुरबा विद्यालय,8.00 बजे सामाजिक वानिकी ,8.15 में वन विभाग एवं मध्य वि घाघमुंडा,8.20 में सीएचसी,एवं डाकघर ,8.25 में तरूण संगम,8.30 में बीओआई एवं सभी पंचायत सचिवालय,8.45 में थाना,8.50 में प्लस टू हाई स्कूल एवं लघु सिंचाई विभाग,9.00 में पशु चिकित्सालय,9.05 में को ऑपरिटिव बैंक,9.15 बजे प्रखंड सह अंचल कार्यालय एवं 9.30 बजे माइकल किन्डो स्टेडियम में झंडोत्तोलन किया जाएगा। बैठक में प्रमुख सरस्वती देवी,प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो,बीएओ श्यामकिशोर प्रसाद,डॉ पीके बारीक पंसस नीलिमा खाखा,जेम्स कुजूर, देवनीश खलखो,नुसरत खातुन आदि उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस को लेकर प्रखंड प्रमुख ने की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** प्रखण्ड सभागार में गणतंत्र दिवस को लेकर प्रखंड प्रमुख की अध्यक्षता में सामुहिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रुप से प्रखंड विकास पदाधिकारी,अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी,विधायक प्रतिनिधि,मुखिया गण, पंचायत समिति सदस्य गण व अन्य जनप्रतिनिधि गण शामिल हुए।बैठक में प्रभात फेरी और गणतंत्र दिवस को लेकर विचार-विमर्श किया गया।बैठक में 25 जनवरी की सुबह 8:00 बजे प्रभात फेरी का आयोजन करने का निर्णय लिया गया जिसका नेतृत्व प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में किया जाएगा। प्रभात फेरी में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, कोलेबिरा जवाहर नवोदय विद्यालय,कोलेबिरा एस.एस. प्लस टू उच्च विद्यालय,राजकीय उत्क्रमित कन्या माध्यमिक विद्यालय, बुनियादी मध्य विद्यालय,संत जोन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल, सहित विभिन्न विद्यालयों खोले बिना केवर के पास चल करके छात्र-छात्राओं की भागीदारी होगी। बैठक में थाना प्रभारी से अनुरोध किया गया कि प्रभात फेरी के दौरान किसी भी प्रकार की अनहोनी/दुर्घटना न हो इसके लिए यातायात व्यवस्था की देखरेख अपने स्तर से कराएंगे। सर्वसम्मिति से निर्णय लिया गया कि प्रखंड मुख्यालय में अवस्थित कोलेबिरा स्टेडियम में सामूहिक झंडोत्तोलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।स्टेडियम में सामूहिक झंडोत्तोलन,सांस्कृतिक कार्यक्रम,फैंसी मैच एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से चलाया गया जागरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाए जा रहे 90 दिवसीय आउटरीच जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न प्रकार के गतिविधि आयोजित कर लोगों को विधिक सेवाओं के बारे जानकारी दी जा रही है। प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम के निर्देशन में कई कार्यक्रमों का आयोजन विभिन्न क्षेत्रों में किया जा रहा है। स्कूलों में मानव तस्करी उन्मूलन के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए चित्रांकन,भाषण,निबंध आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही मोबाइल जागरूकता वैन गांव गांव में जाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही गांवों में विधिक शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इधर शुक्रवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बोलबा में प्रधानाध्यापिका के नेतृत्व में स्कूली बच्चों के बीच पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय में 60 बच्चों ने भाग लिया और पेंटिंग प्रतियोगिता में 61 बच्चों ने भाग लिया।मौके पर पीएलवी महिमा बेक और पीएलवी दशरथ राम ने बच्चों को मानव तस्करी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय मध्य विद्यालय हाटिंगहोड़े में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को विधिक सेवाओं के बारे जानकारी दी गई। मौके पर पीएलवी अशोक तिवारी ने मानव तस्करी,बाल श्रम,मानव तस्करी,बाल मजदूरी,डायन प्रथा निषेध अधिनियम,जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा दी जानेवाली निःशुल्क कानूनी सहायता के विषय मे विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी। साथ ही 15100 ट्रॉल फ्री नम्बर एवं क्यूआर कोड के माध्यम से आवेदन देने की प्रक्रिया को बताया गया। प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम ने बताया कि स्कूली बच्चों को जागरूक किया जा रहा है ताकि ये अपने गांव,टोले,मोहल्ले आदि के लोगों को भी जागरूक कर सकें।

## टीबी मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम में चौपाल का हुआ आयोजन

**कोलेबिरा।** प्रखण्ड क्षेत्र के बरसलोया ग्राम में टीबी उन्मूलन भारत अभियान के तहत पंचायत सचिवालय बरसलोया के चबूतरा में रात्रि चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी कोलेबिरा डॉक्टर के के शर्मा ने कहा टीबी मरीज का चिन्हित कर इलाज किया जा रहा है।सुगर ,बीपी के मरीजों का निशुल्क जांच की जा रही हैं। अपना इलाज जरूर कराएं।प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम ने कहा कि आज टीबी के उन्मूलन के लिए सरकार कई सुविधायें दे रही है।सिविल सर्जन सिमडेगा डॉ रामदेव पासवान ने कहा ये मत सोचे कि हम स्वस्थ हो सकते है।टीबी शराब,तम्बाकू,सिगरेट का सेवन करता है उसे हो सकता है।सरकार आपके स्वास्थ्य के बारे में चिंता करती है।सदर अस्पताल में कई सुविधा है। साल में एक बार सुगर का जांच जरूर कराये।आप सरकार की योजना का लाभ ले।टीबी के उन्मूलन के लिये सिमडेगा जिला में बिशेष अभियान चलाया जा रहा है।जिसका शुभारंभ बानो से किया गया।

## नर्सिंग कॉलेज में सम्मान समारोह का आयोजन

# लक्ष्य निर्धारित कर करें पढ़ाई मिलेगी सफलता : सुदीप गुड़िया

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग बानो में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुरुआत संस्थान के परिसर में स्थित संत मदर टेरेसा की प्रतिमा में माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर तोरपा विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदीप गुड़िया, विशिष्ट अतिथि के तौर पर संस्थान के निदेशक डॉ प्रह्लाद मिश्रा सहित जिले के गणमान्य लोग मौजूद रहे। मौके पर विधायक सुदीप गुड़िया के द्वारा संस्थान की ए एन एम छात्रा बिनीता कुमारी, जी एन एम की छात्रा नीलू कुमारी तथा सुजीता उरांव को जिले में स्थान प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। मौके पर मुख्य अतिथि विधायक सुदीप गुड़िया को भी संस्थान के निदेशक डॉ प्रह्लाद मिश्रा ने मोमेंटो तथा शॉल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने बानो जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र में मदर टेरेसा नर्सिंग कॉलेज जैसा कॉलेज होना मिल का पत्थर साबित हो रहा है, वहीं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करने की बात कही, उसी से सफलता मिलेगी जैसी बात कही। संस्थान के निदेशक डॉ प्रह्लाद मिश्रा ने अपने संबोधन में संस्थान के बारे में बताया और कहा कि इस कॉलेज से कई छात्राएं स्टेट टॉपर बनकर हमारे जिले का नाम पूरे राज्य में रोशन कर रही हैं छात्राओं को उनसे प्रेरणा लेने को कहा । कार्यक्रम का संचालन कॉर्डिनेटर रविकांत मिश्रा ने किया आज के कार्यक्रम में कॉलेज की सचिव निभा मिश्रा प्राचार्या एरेन बेक , अंकिता मिश्रा, अल्बिना टोपनो, निशि डुंगडुंग,कविता कुमारी, नीलू कुमारी तनु प्रिया साहू, अमृता, वंदना , माटिल्डा तिर्की सहित संस्थान के नर्सिंग की छात्राएं उपस्थित थे।

# विकास कार्य में भ्रष्टाचार हो रहा, तो नपेंगे इंजीनियर और संवेदक : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि आज तक सड़क और पुल निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार हावी रहा है। इस कारण पालामाड़ा व शंख नदी में बने कई पुल अपाहीज हो गया है। लेकिन अब विकास कार्य के गुणवत्ता पर कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर पुल निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार हावी रहा, तो संबंधित इंजीनियर और संवेदक पर कार्रवाई की जाएगी। ऐसे संवेदक को ब्लैक लिस्टेड भी किया जाएगा। विधायक शुक्रवार को सदर प्रखंड के मुंजबेड़ा के पास पालामाड़ा नदी में मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत बनने वाले उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास कार्यक्रम में कही। मौके पर विधायक ने शिलापट्ट का अनावरण कर एवं विधिवत पूजन कर योजना का शिलान्यास किया। उन्होंने अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए कहा कि वे इसी रास्ते से होकर जुगाड़ू नाव के सारे नदी पार कर स्कूल आना जाना करते थे। विधायक ने कहा कि पुल निर्माण नहीं होने के पाकरटांड़ प्रखंडवासियों को अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। लेकिन पुल बनने से पाकरटांड़ प्रखंड सीधे जिला मुख्यालय से जुड़ जाएगा। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द राज्य में स्थानीय नीति भी लागू की जाएगी। इसके लिए वे सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात कर हर संभव प्रयास करेंगे। विधायक ने सामटोली से बेरीटोली, गड़राबहार, मुंजबेड़ा, सोगड़ा होते हुए पाकरटांड़ तक बहुत जल्द सड़क का निर्माण कराया जाएगा। शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि कांग्रेस विधायक के कार्यकाल में विकास की गति तेज हुई है। हर समुदाय के लोगों को सम्मान मिल रहा है।मौके पर जिप सदस्य सामरोम पौल तोपनो, जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह,प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा ,उप प्रमुख सिलबेस्टर बघवार,वरीय प्रदीप केशरी,विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान,नगर अध्यक्ष अरशद हुसैन ( अक्षन ),जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन,संजय तिर्की,समीर किंडो,उप मुखिया मयंती तिर्की आदि उपस्थित थे।

# सलीमा टेटे को अर्जुन आवार्ड मिलने पर विधायक ने नगाड़ा बजाकर मनाया जश्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** ओलंपियन हॉकी खिलाड़ा सलीमा टेटे को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के द्वारा अर्जुन आवार्ड से सम्मानित किए जाने पर विधायक भूषण बाड़ा ने सलीमा टेटे को बधाई दी। शुक्रवार को विधायक ने नगाड़ा बजाते हुए जश्न मनाया। साथ ही ग्रामीणों को भी जिले की बेटी को अर्जुन आवार्ड मिलने पर बधाई दी। विधायक ने ग्रामीणों के बीच मिठाई का भी वितरण किया। वहीं जोसिमा खाखा ने भी सलीमा को बधाई देते हुए ग्रामीणों के साथ खुशी का इजहार किया। विधायक ने कहा कि सलीमा टेटे को अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया जाना सिमडेगा की धरती के लिए गौरव का क्षण है। इस सम्मान से हॉकी खिलाड़ियों में एक नई उत्साह और ऊर्जा का संचार होगा। आने वाले दिनों में और

**● ग्रामीणों के बीच मिठाई बांटकर किया खुशी का इजहार, सलीमा को दी बधाई**

अधिक खिलाड़ी उभर कर सामने आएंगे। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि यह सम्मान हॉकी खिलाड़ी सलीमा के संघर्ष और कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने आज देश दुनिया को बता दिया कि सिमडेगा की बेटी अब किसी भी मामले में पीछे नहीं है। अगर मौका मिलेगा तो हर जगह देश का झंडा ऊंच्चा रखने की जब्जा रखती हैं। भूषण बाड़ा ने कहा कि आज सलीमा से अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरणा लेने की जरूरत है। युवा खिलाड़ी भी अपना मेहनत और खेल के प्रति अपने जुनून,हौसले को जारी रखिये। अपनी खेल प्रतिभा को पंख दें और सलीमा की तरह हमारे जिले का नाम पूरे विश्व मे रोशन करें। मौके पर जिप सदस्य सामरोम पौल तोपनो, जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह,प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा ,उप प्रमुख सिलबेस्टर बघवार,वरीय प्रदीप केशरी,विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान,नगर अध्यक्ष अरशद हुसैन जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन,संजय तिर्की,समीर किंडो,उप मुखिया मयंती तिर्की,पंचायत अध्यक्ष शंकर प्रधान,पीटर बागे,अनिल डुंगडुंग, विकाश केशरी, रामकुमार कोईराला, समीर किंडो,मो अरमान, संगीता देवी, प्रतिमा कुजूर,नीला नाग, उर्मिला केरकेट्टा, ज्योति लुगुन, शिवा केसरी, सोभेन तिग्गा, इबरार रजा, शिव केशरी, रतन प्रसाद, विक्टर खेस, मिनी नाग, योतम केरकेट्टा, एमानुएल तिर्की आदि ने भी सलीमा को बधाई दी है।

## ठेठईटांगर प्रखंड सभागार में गणतंत्र दिवस झंडोतोलन को लेकर बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को गणतंत्र दिवस झंडोतोलन को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन मिंज की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई।जिसमें झंडोतोलन कार्यक्रम निर्धारित किया गया प्रखंड कार्यालय 8:50, पशु चिकित्सालय 9:10, बैंक ऑफ़ इंडिया 9:15 ,भारतीय स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया 9 :20 रेफरल अस्पताल 9:30,थाना परिसर 9:40 ,कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय 9:55, प्रखंड खेल मैदान 10:15 झडोतोलन का समय सारणी निर्धारित की गई। प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन मिंज एवं प्रखंड खेल मैदान में प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज झंडोतोलन करेंगे।झंडोतोलन के उपरांत प्रखंड खेल मैदान में झांकी मार्च पास्ट देश भक्ति गीत बालक बालिकाओं का प्रतियोगिता आयोजन करने का निर्णय लिया गया। सभी प्रतियोगिता का समय 5 मिनट निर्धारित किया गया है। सभी प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। बैठक में थाना प्रभारी मुरताज अंसारी प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज समाजसेवी मुमताज आलम बीपीओ एवं जोराम हाई स्कूल प्रधानाध्यापक सुशील प्रभात कुल्लू कस्तूरबा गांधी वार्डेन एवं प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

## शाहपुर गांव के किसानों को दिया गया उद्यानिकी प्रशिक्षण

**कोलेबिरा।** राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना अंतर्गत कोलेबिरा प्रखण्ड के शाहपुर गांव में किसानों को कृषि और बागवानी का पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें 30 लाभार्थी किसानों को उन्नत तरीके से बीज उपचार, नर्सरी प्रबंधन, कृषि कार्य में चुनतियों, पौधों का देखरेख, बाजार के अनुरूप सारणी, मिट्टी जांच, विभाग द्वारा संचालित योजनाएं जिसमे किसान समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री कुसुम योजना, मुख्यमंत्री सिंचाई योजना, बीज वितरण ब्लॉकचैन टेक्नोलॉजी, व मुख्यमंत्री कृषि उपक्रम योजना तथा कृषि से संबंधित सभी योजनाओं का विस्तृत जानकारी दिया गया।मौके पर शाहपुर पंचायत की मुखिया अंकिता केरकेट्टा, प्रशिक्षक सुश्री वर्षा कुजूर, एफपीओ के पदाधिकारी नीलम बरजो व सभी लाभार्थी किसान मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के गोहरीडांड़ के नजदीक कुरडेग - गड़ियाजोर मुख्य में सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के संबन्ध में मिली जानकारी के अनुसार लॉरेन्तुस तिर्की भाईमुंडा निवासी अपने दमाद गोडविन एक्का के साथ स्कूटी से करमडीह जा रहे थे। वहीं गोहरीडांड़ के नजदीक विपरीत दिशा से आ रहे बाईक ने स्कुटी में जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया।टक्कर लगने से गोडविन एवं लॉरेन्तुस को गंभीर चोट लगी। सुचना मिलते ही थाना प्रभारी नवीन कुमार घटना स्थल पहुंच कर घायलों को कुरडेग अस्पताल पहूंचाया । जहाँ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकार डॉ दिलीप कुमार बेहरा ने प्राथमिक ईलाज के बाद घायलों की स्थिति को देखते हुए बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा कर दिया गया।

### गांव मे गोंड समाज ने सामूहिक सत्यनारायण कथा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया आयोजन



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के कुंदूरमुंडा गाँव के गोंडवाना भवन मे गोंड समाज क द्वारा पौस पूर्णिमा के मौक़े पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सामूहिक रूप से सत्यनारायण कथा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस मौक़े पर बाल -बच्चे क साथ गोंड समाज के लोग उपस्थित छोटे छोटे बच्चों को धर्म, समाज एवं संस्कृति की जानकारी देते हुए समाज को सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने का प्रयास किया गया।इस मौक़े पर मुनेन्द्र मांझी, आमंत्रण मांझी, रमेश मांझी, सनातन मांझी, फलिन्द्र मांझी, राजदेव मांझी, सैनिका मांझी बलधर मांझी, रामचंद्र मांझी एवं अन्य लोग मौजूद थे।

### सदर अस्पताल गेट के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बिजली खंभे को मारी टक्कर



**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर अस्पताल गेट के पास शुक्रवार की सुबह तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने गेट के सामने बिजली के खंभे को जोरदार टक्कर मार दी ।टक्कर इतनी जोरदार थी कि बिजली का खंबा टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं बगल में फल का ठेला भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद मौके से ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया, इधर सड़क पर बिजली का खंबा गिरने की वजह से यातायात प्रभावित हो गई और दोनों और गाड़ियों की लाइन लग गई ।मामले की जानकारी मिलने के बाद तुरंत पीसीआर प्रभारी सब इंस्पेक्टर श्याम नंदन सिंह पीसीआर के पास पहुंचे और उन्होंने यातायात को सुचारू रूप से शुरू कराया। वहीं इधर मामले की जानकारी बिजली विभाग के सहायक अभियंता को दी गई जिसके बाद उन्होंने अपने टीम के साथ पहुंचकर तत्परता दिखाते हुए बिजली का खंभा को सड़क से हटवाया जिसके बाद आवागमन सुचारू रूप से जारी हुई।

### लचरागढ़ में सड़क दुर्घटना में दो घायल

**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ बाइक सवार ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। घटना में दो लोग घायल हो गए। दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से मानव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। घटना के संबंध मिली जानकारी के अनुसार लचरागढ निवासी चंद्र साहू प्रतिदिन की भांति पैदल दूध बेचने के सड़क से जा रहे थे वहीं बानो जराकेल जतरा से लौट रहे मोटरसाइकिल चालक ने टक्कर मार दी जिसे चंद्र साहू घायल हो गया घायल को 108 एंबुलेंस के माध्यम से कोलेबिरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहीं घटना में दिनेश सिंह बरसलोया निवासी भी घायल हो गया।

### टेंपो से गिरकर युवक की मौत, छानबीन में जुटी पुलिस

**ठेठईटांगर।** थाना क्षेत्र के बोड़ाखड़ा के पास बीती देर रात टेंपो से गिरकर टेंपो सवार व्यक्ति की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई मृतक की पहचान देवबहार मांगदाहा गांव निवासी फेलिक्स सोरेंग के रूप में हुई। घटना की जानकारी शुक्रवार की सुबह पुलिस को दी गई ,जिसके बाद पुलिस मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेज दिया जानकारी देते हुए साथी ने बताया कि अपने दोस्त के साथ ऑटो में बैठकर दुकान गया था ।लौट रहा था इसी दौरान उसका साथी फेलिक्स ऑटो से गिरा और घायल हो गया वहीं तेज रफ्तार आ रही पिकअप वाहन उसे रौंदते हुए भाग गई ।जिसके बाद मौके पर उसकी मौत हो गई ,इधर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### सेतासोया में जंगली हाथियों ने तीन घरों को तोडा, घर मे रखे अनाज किया नष्ट

**बानो।** प्रखंड के सेतासोया में जंगली हाथियो ने तीन घरों को तोडा, घर मे रखे अनाज को भी खाया। जंगली हाथी ने एक घर को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना गुरूवार शाम की है। घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार दो जंगली मिरलू लोमग के घर को हाथी सेतासोया गांव पहुंचा तथा राजु सिंह, कुती देवी व मिरलु लोमगा के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया तथा घर मे रखे अनाज को खा गया। जंगली हाथी ने लोमगा के घर को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया जिसे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने बताया कि घर में रखे बर्तन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इधर घटना की जानकारी होने पर मुखिया लूथर भुइंया ने घटनास्थल पहुंचकर मामले की जानकारी ली।

### पारा शिक्षक संघ का दनगद्दी में वनभोज 19 जनवरी को

**बोलबा।** प्रखंड के पर्यटन स्थल दनगद्दी में 19 जनवरी दिन रविवार को पारा शिक्षक संघ बोलबा इकाई का बनभोज सह पिकनिक कार्यक्रम का आयोजन संघ की ओर से किया गया है।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बीपीओ मनमोहन गोस्वामी और विशिष्ट अतिथि के रूप बीपीओ अनिल खलखो ,बीपीओ निर्मला लिंडा उपस्थित होने संघ की ओर से आग्रह किया गया है।यह जानकारी संघ के सचिव लोकेंद्र सिंह ने दी है।

### लचरागढ मे आज से दो दिवसीय सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम आरंभ होगा

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के लचरागढ मे उत्कलिय ब्राह्मण सेवा संघ के तत्वावधान में दो यगोपित संस्कार कार्यक्रम का आयोजन आज से किया गया है ।दो दिवसीय कार्यक्रम मे 51 ब्राह्मण कुमारों यज्ञोपवीत संस्कार किया जायेगा। जिसकी तैयारी लगभग पुरी दुनिया हो चुकी है। इस कार्यक्रम में सिमडेगा जिला के अलावा अन्य जिले के यगोपित संस्कार में शामिल होने के लिए ब्राह्मण कुमार शामिल होंगे शनिवार को कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम प्रारंभ होगा साथ ही संध्या 7 बजे संध्या 7 बजे से भजन संध्या जागरण का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया है वहीं रविवार को बटुकों को यज्ञोपवीत धारण कराई जायेगी ।उक्त जानकारी सुरेश दुबे ने दी।

### 2 बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने धक्का मारा, एक युवक की मौत

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर थाना के सलगापोश मटकुपा के 2 बाइक सवार दो व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने धक्का मारी जिससे कि घटनास्थल पर एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई । घटना गुरुवार की रात की है। मृतक की पहचान सुकेश केरकेट्टा रूप में हुई। की घायल व्यक्ति की पहचान अमरदीप केरकेट्टा के रूप में भी घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दोनों व्यक्ति शादी समारोह में शामिल होने के लिए अपने घर से दूसरे गांव गए थे और लौट रहे थे इसी दौरान सड़क दुर्घटना में घायल हो गए, जिसमें मौके पर एक की मौत हो गई । मामले की जानकारी शुक्रवार की सुबह पुलिस को हुई जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और मृतक युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया जबकि घायल को भी इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है।

